Marketing / Public Relations Deptt., 16th Floor, Chandermukhi,
Nariman Point, Mumbai – 400 021

CO:Mktg /PR.2020-21:PRESS:33 10th March .2021

The Commerce/Banking Editor,
MUMBAI.

Dear Sir/Madam,
We are appending here-below a **Press Release** with a request to publish and give us a good coverage in your esteemed daily and oblige.

With Warm Regards,

S H Ayubi — DGM/Chief Marketing Officer

R L Nayak — AGM-PR/CCD

प्रेस विज्ञप्ति

श्री विवेक वाही तथा श्री राजीव पुरी ने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक का पदभार ग्रहण किया.

1) श्री विवेक वाही ने आज दिनांक 10 मार्च, 2020 को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक का पदभार ग्रहण किया.

श्री विवेक वाही एनआईटी, कुरुक्षेत्र से बी.टेक हैं. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक के रूप में आने से पूर्व वे बैंक ऑफ़ इंडिया में महाप्रबंधक थे. उन्होंने 1990 में परिवीक्षा अधिकारी के रूप में बैंक ऑफ इंडिया में कार्यग्रहण किया. श्री विवेक वाही के पास शाखा बैंकिंग, ओवरसीज़ डीलिंग रुम, लार्ज कार्पोरेट क्रेडिट शाखा आदि जैसे बैंक के सभी महत्वपूर्ण विभागों में कार्य करने का विशाल अनुभव है. उन्होंने आंचलिक प्रबंधक, कोषागार प्रमुख एवं फील्ड महाप्रबंधक सहित विभिन्न पदों पर भी कार्य किया है. वे बैंक ऑफ़ इंडिया के व्यवसाय के सम्बंध में सबसे बडे अंचल मुंबई दक्षिण के अंचल प्रमुख भी रहे हैं. वे दो वर्षों से अधिक काल तक बैंक ऑफ़ इंडिया के मुंबई स्थित कोषागार के प्रभारी भी रहे हैं. वे दिल्ली मुख्यालय वाले 6 राज्यों तक विस्तारित बैंक ऑफ़ इंडिया के उत्तरी क्षेत्र के फील्ड महाप्रबंधक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं.

2) श्री राजीव पुरी ने आज दिनांक 10 मार्च, 2021 को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक का पदभार ग्रहण किया.

श्री राजीव पुरी वाणिज्य में स्नातकोत्तर तथा एमबीए(वित्त) हैं. उनके पास आईआईबी से ग्रामीण बैंकिंग में डिप्लोमा भी है. वे भारतीय बैंकिंग संस्थान के सर्टिफाइड एसोशिएट भी हैं. वे आईआईएम - बी (9 माह का बीबीबी-एलडीबी प्रशिक्षण) के छात्र भी रहे हैं.

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक के रूप में आने से पूर्व श्री राजीव पुरी पंजाब नेशनल बैंक में मुख्य महाप्रबंधक थें. वे एक व्यापक अनुभव वाले कुशल बैंकर हैं. उन्होंने देश के विभिन्न भागों में विभिन्न पदों पर कार्य किया हैं. पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक, क्षेत्र प्रमुख एवं अंचल प्रमुख के रूप में उन्होंने अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं. पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में वे बैंक के कई महत्वपूर्ण विभागों जैसे, एमएसएई एवं मिड कार्पोरेट, कृषि, रिटेल बैंकिंग एवं वित्तीय समावेशन के प्रभारी रहे हैं.

.

xxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxx